ग्वालियर | गुरुवार । 25 दिसंबर 2025 । वर्ष 31 । अंक 130 । पृष्ठ 12 । मूल्य रु.5.00 | navabharat.com | twitter.com/Nava_Bharat | fb.me/NavaBharat.Social

नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी १९३४ से

अमित शाह देर रात आए ग्वालियर , गर्मजोशी से हुआ स्वागत

सीएम, सिंधिया एवं तोमर से मिले, घने कोहरे में 35 मिनट की देरी से आए केन्द्रीय गृह मंत्री

शहर के मध्य से गुजरता केन्द्रीय गृह मंत्री का काफिला

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 24 दिसम्बर। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का बुधवार को ग्वालियर आगमन पर आत्मीय स्वागत किया गया। केन्द्रीय गृह मंत्री रात्रि लगभग 9.30 बजे विशेष विमान द्वारा महाराजपुरा स्थित भारतीय वायुसेना के विमानतल पर आए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विमानतल पर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अगवानी की। विमानतल पर अमित शाह मुख्यमंत्री डॉ. यादव, केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर से गर्मजोशी से मिले। अमित शाह विमानतल से होटल ताज ऊषा किरण पहुंचे एवं रात्रिविश्राम किया। अमित शाह कल पूर्वान्ह में स्व. अटलजी के पैतृक निवास कमलसिंह का बाग पहुंचकर नमन करेंगे एवं इसके बाद मेला में एमपी ग्रोथ समिट एवं ग्वालियर व्यापार मेला के शुभारंभ समारोह में शामिल होंगे। वायुसेना के विमानतल पर सिंधिया, तोमर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, राज्य सरकार के मंत्रिगण कैलाश विजयवर्गीय, तुलसीराम सिलावट, नारायण सिंह कुशवाह, चेतन्य काश्यप, प्रद्युम्न सिंह तोमर व राकेश शुक्ला, सांसद भारत सिंह कुशवाह, पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया, अनूप मिश्रा व डॉ. नरोत्तम मिश्र, प्रदेश भाजपा प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, **(शेष पृष्ठ 11 पर)**

ग्वालियर में आज होगी 'अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट'

ग्वालियर। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में कल गुरूवार, 25 दिसंबर को ग्वालियर के मेला ग्राउंड में 'अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट - निवेश से रोज़गार' का राज्य स्तरीय आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन औद्योगिक नीति, निवेश प्रोत्साहन और रोज़गार आधारित विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। कार्यक्रम में निवेशकों को सिंगल क्लिक से औद्योगिक प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाएगी। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर आयोजित ग्रोथ समिट आत्मनिर्भर, समृद्ध और रोज़गार-समृद्ध मध्यप्रदेश के संकल्प को रेखांकित करेगी। समारोह में शामिल होने गृह मंत्री अमित शाह सहित सीएम डॉ. मोहन यादव, संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ग्वालियर पहुंच चुके हैं। **(शेष पृष्ठ 11 पर)**

आप सभी को क्रिसमस की हार्दिक शुभकामनाएं !

इसरो ने रचा कीर्तिमान

मोबाइल नेटवर्क तकनीक में आएगी नई क्रांति

श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश), 24 दिसंबर (वार्ता) अंतरिक्ष यात्रा में एक और मील का पत्थर स्थापित करते हुए भारत के भारी-भरकम रॉकेट एलवीएम3एम6 (जिसे 'बाहुबली' उपनाम दिया गया है) ने अमेरिका स्थित एएसटी मोबाइलस्पेस के 6.1 टन वजनी ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 उन्नत संचार उपग्रह को सफलतापूर्वक पृथ्वी की निम्नतम कक्षा (एलईओ) में स्थापित कर दिया.

यहां शार रेंज से दूसरे प्रक्षेपणपथ से 24 घंटे की सुचारू उलटी गिनती के बाद,एक विशेष वाणिज्यिक मिशन में, स्वदेशी रॉकेट ने निर्धारित समय पर सुबह 8:54 बजे शानदार उड़ान भरी. सैकड़ों दर्शकों ने प्रक्षेपण गैलरी से इस मिशन को देखा. निसार उपग्रह के बाद अमेरिका द्वारा किया गया दूसरा मिशन यह उपग्रह, 16 मिनट की उड़ान अवधि के बाद सफलतापूर्वक और सटीक रूप से 520 किमी की वृत्ताकार निचली पृथ्वी कक्षा में स्थापित हो गया. इसरो ने घोषणा की, एलवीएम3एम6 ब्लू बर्ड ब्लॉक 2 मिशन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. बाद में एक ट्वीट में उसने कहा, मिशन सफल रहा. एलवीएम3-एम6 मिशन ने ब्लू बर्ड ब्लॉक 2 उपग्रह को सफलतापूर्वक उसकी निर्धारित कक्षा में स्थापित कर दिया है. आईएसआरओ की प्रशंसा करते हुए केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा, ब्लू बर्ड ब्लॉक 2 को ले जाने वाले एलवीएम3-एम6 के सफल प्रक्षेपण के लिए टीम आईएसआरओ को बधाई.

पीएम मोदी बोले- भारत की अंतरिक्ष यात्रा में मील का पत्थर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इसरो को बधाई दी. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट में लिखा- यह भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि है. भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक गौरवपूर्ण मील का पत्थर है. यह भारत की भारी-भरकम लॉन्च क्षमता को मजबूत करता है और ग्लोबल कॉमर्शियल लॉन्च मार्केट में हमारी बढ़ती भूमिका को मजबूत करता है.